महोदय ,

ससम्मान निवेदन करना है कि मेरी माता प्रेमा देवी का इलाज  डॉक्टर के.के गुप्ता' के देख रेख में चल रहा था। वर्तमान में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ उत्तर प्रदेश में डॉक्टर अभिमान सिंह की देख रेख में चल रहा है जिस हेतु मुझे माताजी के इलाज के लिए बार बार लखनऊ जाना पड़ता है जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मेरे पिताजी का देहांत सन 1984  में हो चुका है मेरे परिवार में मेरे अलावा कोई दूसरा पुरुष सदस्य नहीं है। मेरी बड़ी बेटी जान्हवी सिंह कक्षा 9  व छोटी बेटी जागृति सिंह कक्षा 5 सिटी मोन्टेसरी गोमती नगर लखनऊ में पढ़ रही है। मेरी सगी  छोटी बहन पुष्पा सिंह उम्र 42  के पति का देहांत 23 अक्टूबर  2022  गया है।  मेरी बहन के  दो बच्चें  है जिनकी उम्र क्रमशः 17 वर्ष (ख़ुशी ) 12  वर्ष (निश्चय) है। जीजा की मृत्यु के बाद बहन व् उसके बच्चों की देख भाल व शिक्षा दीक्षा का उत्तरदायित्व मेरे ऊपर है। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए मेरा स्थानांतरण लखनऊ के निकटवर्ती जनपद में करने की कृपा की जाये।  प्रार्थी माननीय महोदय का सैदव आभारी रहेगा।

अत्यंत सादर।